Ministry of Home Affairs

# In a big step against drug menace, Central Bureau of Narcotics destroys 23.77 tons of drugs

प्रविष्टि तिथि: 19 FEB 2025 12:17PM by PIB Jaipur

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN), राजस्थान इकाई, कोटा द्वारा मंगलवार को 54 मामलों में जब्त 23.77 टन मादक पदार्थों का वि

इन मादक पदार्थों को एमपी बिरला सीमेंट फैक्ट्री, चंदेरिया, चित्तौड़गढ़ में स्वीकृत सुविधा केंद्र पर उन्नत तकनीकों के माध्यम से दहन कर पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, अन्य 15 मामलों में जब्त 87.935 किग्रा अफीम को Government Opium & Alkaloid Factories, नीमच, म.प्र. में सुरक्षित रूप से जमा करने की प्रक्रिया जारी है।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कोटा के उप नारकोटिक्स आयुक्त श्री नरेश बुंदेल ने बताया कि यह निस्तारण अभियान मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं दुरुपयोग को रोकने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे समाज में नशीले पदार्थों की उपलब्धता पर नियंत्रण स्थापित होगा और युवाओं को नशे से बचाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की इस कार्रवाई से नशे के अवैध कारोबार को कड़ा संदेश मिलेगा। मादक पदार्थों के निस्तारण की यह प्रक्रिया कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सुदृढ़ संकल्प को दर्शाती है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो सतत कार्रवाई करता रहेगा।








**********

Ritu Shukla/Ashish Verma

(Release ID: 2104594) Visitor Counter : 49

Read this release in: Hindi_RJ